तापमान

भोपाल	23.0°	27.0°
इंदौर	23.0°	29.0°
जबलपुर	24.0°	27.0°
ग्वालियर	26.0°	32.0°
सागर	23.0°	26.0°

नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 273, पृष्ठ 12)
भाद्रपक्ष, कृष्ण चतुर्थी संवत् 2083
मंगलवार, 1 सितम्बर 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naidunialive.com
भोपाल संस्करण
भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

राजधानी... सेवा और सुशासन के संकल्प के साथ आगे बढ़ने का ...

खेल... यूएस ओपन 2026: पेगुला ने नर्वस शुरुआत से उबरकर दर्ज...

व्यापार... सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट, सोना और चांदी ..

देश-विदेश... ग्रीस को इजरायल देगा अत्याधुनिक एयर डिफेंस ...

खास-खबरें

दिल्ली दंगा मामले में 12 आरोपी बरी

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली: दिल्ली की एक अदालत ने वर्ष 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों से जुड़े एक मामले में 12 आरोपियों को हत्या, दंगा और डकैती के आरोपों से बरी कर दिया है। अदालत ने स्पष्ट कहा कि किसी व्यक्ति के खिलाफ केवल इस आधार पर आपराधिक जिम्मेदारी तय नहीं की जा सकती कि वह किसी गैरकानूनी भीड़ का हिस्सा था। दोष सिद्ध करने के लिए आरोपी के व्यक्तिगत रूप से अपराध में शामिल होने के ठोस साक्ष्य आवश्यक हैं। मामले की सुनवाई अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश परवीन सिंह की अदालत में हुई। अदालत ने उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर सभी 12 आरोपियों को आरोपों से मुक्त कर दिया।

प्रदर्शन पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने 5 सितंबर को दिल्ली में प्रस्तावित मार्च पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि प्रदर्शन से किसी अप्रिय घटना की संभावना का कोई ठोस आधार नहीं है। उन्होंने प्रशासन से कानून व्यवस्था बनाए रखने की उम्मीद जताई। वहीं, केंद्र सरकार ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने वाले छात्रों से जुड़ी एफआईआर रद्द कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि इसके लिए संविधान के अनुच्छेद 142 का सहारा लिया जा रहा है। अदालत इस मामले पर मंगलवार को सुनवाई करेगी। यह याचिका सेवानिवृत्त दिल्ली पुलिस अधिकारी राजेंद्र सिंह ने दाखिल की थी।

एथेनॉल का प्रतिशत बताने की मांग खारिज

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने पेट्रोल पंपों के डिस्पेंसिंग नोजल पर एथेनॉल मिश्रण की मात्रा लिखने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत ने याचिकाकर्ता को इस मामले में संबंधित सक्षम प्राधिकरण के पास जाने की सलाह दी है। न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति पी.बी. वराले की पीठ ने याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता के लिए सक्षम प्राधिकरण के समक्ष जाने का विकल्प खुला है। अदालत ने सवाल उठाया कि इस मामले को सीधे सुप्रीम कोर्ट में लाने के बजाय पहले संबंधित विभाग या उच्च न्यायालय का रुख क्यों नहीं किया गया। यह याचिका अधिवक्ता नरेंद्र कुमार गोस्वामी ने दाखिल की थी। इसमें केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग की गई थी कि देशभर के पेट्रोल पंपों पर प्रत्येक डिस्पेंसिंग नोजल में बिकने वाले पेट्रोल में एथेनॉल की मात्रा को स्पष्ट हो।

मोदी-पुतिन की मुलाकात युद्ध समाप्त करने पर जोर

युद्ध मानवता को पीछे धकेलता है: प्रधानमंत्री

दोनों देशों के संबंध लगातार मजबूत हो रहे : पुतिन

बिश्केक, एजेंसीः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन से मुलाकात की। एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान हुई इस मुलाकात में दोनों नेताओं ने एक-दूसरे का गर्मजोशी से अभिवादन किया और इसके बाद द्विपक्षीय वार्ता शुरू हुई। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि युद्ध का हर दिन मानवता को पीछे धकेल रहा है और अब कभी न खत्म होने वाले संघर्षों से आगे बढ़कर युद्धों को समाप्त करने की दिशा में काम किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत शांति के लिए किए जाने वाले सभी प्रयासों का समर्थन करता है और सभी मुद्दों का समाधान शांतिपूर्ण तरीकों से होना चाहिए।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले वर्ष राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा सफल और यादगार रही थी। उन्होंने कहा कि भारत और रूस का सहयोग लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है तथा दोनों देश अपने नागरिकों की भलाई के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। राष्ट्रीय हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देना दोनों देशों का साझा दृष्टिकोण रहा है। राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि रूस और भारत के संबंध विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी के आधार पर लगातार मजबूत हो रहे हैं। उन्होंने दोनों देशों के बीच व्यापारिक, सांस्कृतिक और मैत्रीपूर्ण संबंधों को मजबूत बताया।

पुतिन ने यह भी कहा कि रूस में अध्ययन करने वाले भारतीय छात्रों की संख्या पिछले कुछ वर्षों में सात गुना बढ़कर करीब 40 हजार हो गई है। दोनों देशों के बीच पर्यटकों की आवाजाही में भी वृद्धि हुई है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र, ब्रिक्स, जी-20 और एससीओ जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत और रूस के बीच करीबी समन्वय का उल्लेख किया। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने बिश्केक में ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान, किर्गिस्तान के राष्ट्रपति सदिर जपरोव और अर्मेनिया के प्रधानमंत्री निकोल पशिन्यान से भी द्विपक्षीय मुलाकात की। ईरान के राष्ट्रपति के साथ पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू होने के बाद दोनों नेताओं की यह पहली बैठक रही। एससीओ शिखर सम्मेलन की थीम 'शांति, विकास और समृद्धि के लिए मिलकर आगे बढ़ना' रखी गई है। सम्मेलन में भारत, चीन, रूस, पाकिस्तान और ईरान सहित 10 सदस्य देशों के नेता भाग ले रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी बिश्केक में आयोजित होने वाले छठे वर्ल्ड नोमैड गेम्स के उद्घाटन समारोह में भी शामिल होंगे।

सिंहस्थ 2028 के लिए जनसहयोग उत्कृष्ट उदाहरण : डॉ. यादव

रामघाट पर चंद्रमौलेश्वर का पूजन, बाबा महाकाल की पंचम सवारी में शामिल हुए मुख्यमंत्री

नईदुनिया ब्यूरो, उज्जैनः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन अपने गौरव को पुनः प्राप्त करने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। सिंहस्थ 2028 के आयोजन को भव्य और दिव्य बनाने के लिए प्रदेश सरकार कटिबद्ध है। इसके लिए चल रहे विकास कार्यों में नागरिकों का स्वैच्छिक सहयोग भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया के लिए उत्कृष्ट उदाहरण है। भगवान महाकालेश्वर की पंचम सवारी सोमवार को महाकालेश्वर मंदिर से निकाली गई। सवारी के रामघाट पहुंचने पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पालकी में विराजित भगवान चंद्रमौलेश्वर का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। इस दौरान मां शिप्रा के जल से जलाभिषेक कराया गया और हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा भी की गई। मुख्यमंत्री दत्त अखाड़ा की ओर से नाव में सवार होकर रामघाट पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन में अनेक विकास कार्य संचालित हो रहे हैं। महाकाल की कृपा से विभिन्न वर्गों के लोगों ने विकास कार्यों के लिए स्वेच्छा से सहयोग किया है। नागरिकों ने मकान हटाने के साथ मंदिर, मस्जिद और गुरुद्वारे तक स्थानांतरित करने में सहयोग दिया है। उन्होंने बाबा महाकाल की पंचम सवारी के विशेष सजीव प्रसारण का उल्लेख करते हुए कहा कि देश-विदेश के लाखों श्रद्धालु इससे जुड़े। सवारी मार्ग पर श्रद्धालुओं में उत्साह, उमंग और श्रद्धा का वातावरण दिखाई दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकाल लोक के निर्माण के बाद उज्जैन की सनातन संस्कृति और धार्मिक पर्यटन को नई पहचान मिली है। प्रदेश सरकार मध्यप्रदेश की प्राकृतिक, वन्य, पुरातात्विक और सांस्कृतिक विरासत से भी दुनिया को परिचित कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बाबा महाकाल से प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

चीन की सफाई, 12 दिन पहले दिया था अलर्ट

नेपाल बाढ़ त्रासदीः अब तक 919 लोगों की मौत, शव पहचानना मुश्किल, डीएनए रिपोर्ट का आसरा

काठमांडू, एजेंसीः नेपाल में 26 अगस्त को आई भीषण बाढ़ और तबाही के बाद चीन ने आपदा संबंधी जानकारी साझा नहीं करने के आरोपों पर सफाई दी है। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि उसके वर्ल्ड मेट्रोलॉजिकल सेंटर ने बाढ़ आने से 12 दिन पहले ही नेपाल को भारी बारिश, भूस्खलन और अचानक बाढ़ की चेतावनी भेज दी थी। दरअसल, 27 मई को काठमांडू में नेपाल और चीन के बीच मौसम तथा ग्लेशियर से जुड़े खतरों को लेकर बैठक हुई थी। इसमें नेपाल ने ग्लेशियरों में होने वाली शुरुआती हलचल और संभावित प्राकृतिक आपदाओं की जानकारी पहले उपलब्ध कराने की मांग की थी। नेपाल का आरोप है कि चीन भारी बारिश से जुड़े पूर्वानुमान तो साझा करता है, लेकिन हिमस्खलन, जलस्तर में बदलाव, भूस्खलन और अन्य बड़े प्राकृतिक खतरों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध नहीं कराता। चीन ने इन आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उसने समय रहते मौसम संबंधी चेतावनी जारी की थी। हालांकि, दोनों देशों के बीच आपदा संबंधी सूचनाओं के आदान-प्रदान को लेकर मतभेद बने हुए हैं।

नेपाल और तिब्बत क्षेत्र में आई बाढ़ से अब तक 919 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें नेपाल में 903 और तिब्बत में 16 लोगों की जान गई है। इसके अलावा 4200 से अधिक लोग अब भी लापता बताए जा रहे हैं। नेपाल में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव अभियान जारी है।

गैंगरेप के पांच दोषियों को उम्रकैद की सजा

नईदुनिया ब्यूरो, वडोदराः गुजरात के चर्चित भायली गैंगरेप मामले में वडोदरा कोर्ट ने सोमवार को पांचों दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने सभी आरोपियों पर 50-50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। यह घटना 4 अक्टूबर 2024 की रात हुई थी, जब नवरात्रि के गरबा कार्यक्रम से लौट रही नाबालिग को आरोपियों ने सुनसान जगह पर रोक लिया था। आरोपियों ने उसके दोस्त को बंधक बनाकर वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने मामले में करीब 6 हजार पन्नों की चार्जशीट दाखिल की थी। अदालत ने पीड़िता को 10 लाख रुपये मुआवजा देने का भी आदेश दिया है।

चलती बस में नाबालिग से दरिंदगी

दिल्ली में 47 किलोमीटर तक दौड़ती रही बस, चालक-कंडक्टर गिरफ्तार

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः दिल्ली में चलती स्लीपर बस में 16 वर्षीय छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना 4 अगस्त की बताई जा रही है, जिसकी जानकारी पुलिस ने 31 अगस्त को दी। पुलिस ने बस चालक कुलदीप और कंडक्टर संदीप को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले की रहने वाली 11वीं कक्षा की छात्रा पारिवारिक विवाद के बाद घर से निकल गई थी। भारी बारिश और अंधेरे के कारण वह गलती से ग्रेटर नोएडा के परी चौक पर उतर गई। वहां नोएडा जाने के लिए इंतजार करते समय एक खाली स्लीपर बस को रुकवाया गया। आरोप है कि चालक और कंडक्टर ने छात्रा को बताया कि बस नोएडा सेक्टर-63 जा रही है। बस चलने के बाद दोनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। बस ग्रेटर नोएडा से कश्मीरी गेट तक करीब 47 किलोमीटर चली और उसके शीशों पर पर्दे लगे हुए थे। आरोपियों ने छात्रा को कश्मीरी गेट बस टर्मिनल के पास उतार दिया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और बस के रूट की जांच कर दोनों आरोपियों को तिमारपुर की एक बस पार्किंग से गिरफ्तार किया।

3 साल की बच्ची से यौन शोषण का आरोप

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः *दिल्ली के बवाना इलाके के एक निजी स्कूल में तीन साल की नर्सरी छात्रा के यौन शोषण का मामला सामने आया है। पुलिस ने स्कूल में काम करने वाले कैब ड्राइवर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने बच्ची को चॉकलेट का लालच देकर कई बार गलत तरीके से छुआ। बच्ची के व्यवहार में बदलाव देखकर मां ने उससे पूछताछ की, जिसके बाद उसने स्कूल में आने वाले एक 'बैड अंकल' के बारे में बताया। बच्ची आरोपी का नाम नहीं बता सकी। इसके बाद परिजनों ने स्कूल प्रशासन को जानकारी दी। प्रशासन ने स्कूल परिसर को सील करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।*

सिंगर हत्याकांड के दो आरोपियों का एनकाउंटर

नईदुनिया ब्यूरो, शामलीः हरियाणवी सिंगर अंकित बालियान हत्याकांड के दो शूटरों को उत्तर प्रदेश पुलिस ने सोमवार सुबह मुठभेड़ में मार गिराया। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी बाइक से शामली से सोनीपत की ओर जा रहे थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उन्हें घेर लिया। आरोपियों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई। करीब 20 राउंड फायरिंग में सुमित (24) और मोहित (22) घायल हुए, जिनकी अस्पताल में मौत हो गई। दोनों सोनीपत निवासी थे और उन पर 50-50 हजार रुपये का इनाम था। अंकित की हत्या में दो अन्य आरोपी अभी फरार हैं।

पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट 11 की मौत, कई मकान जमींदोज

नईदुनिया ब्यूरो, प्रयागराज/कौशांबीः उत्तर प्रदेश में प्रयागराज और कौशांबी सीमा पर स्थित मोहम्मदपुर गांव में सोमवार दोपहर पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट हो गया। हादसे में दो बच्चों समेत 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि 22 लोग झुलस गए। विस्फोट की तीव्रता से पूरी फैक्ट्री जमींदोज हो गई और आसपास के कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए। इनमें तीन मकान पूरी तरह ढह गए। हादसा दोपहर करीब साढ़े 12 बजे हुआ। यह गांव प्रयागराज सीमा के निकट है और मनौरी स्थित एयरफोर्स स्टेशन से लगभग दो किलोमीटर दूर बताया गया है। धमाके की आवाज करीब दो किलोमीटर तक सुनाई दी और कुछ ही देर में पूरे क्षेत्र में धुएं का गुबार फैल गया। विस्फोट के बाद पटाखों के कारण लगातार धमाके होते रहे। हादसे के समय फैक्ट्री में करीब 20 मजदूर काम कर रहे थे। आसपास के घरों में रहने वाले लोग भी इसकी चपेट में आए। ग्रामीणों ने झुलसे लोगों को चारपाइयों पर लादकर सड़क तक पहुंचाया और अस्पताल भिजवाया।

संदेश *विविधता को बताया देश की ताकत, कहा- 'मेरा-तुम्हारा' की सोच से ऊपर उठकर मानवता को अपनाना होगा..*

सेवा और सहयोग भारत की पुरानी परंपराः मोहन भागवत

टोरंटो, एजेंसीः राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने सोमवार को टोरंटो में आयोजित 'हिंदू विश्व बंधु' कार्यक्रम में कहा कि कठिन परिस्थितियों में दूसरों की सहायता करना भारत की पुरानी परंपरा रही है। उन्होंने कहा कि दुनिया में कहीं भी संकट आया और भारत से मदद मांगी गई तो देश ने कभी पीछे हटकर इनकार नहीं किया। कई अवसरों पर भारत ने बिना आग्रह के भी सहायता की है। भागवत ने कहा कि भारत की विविधता उसकी कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी खूबसूरती है। देश में अलग-अलग जातियां, पंथ, भाषाएं और संस्कृतियां हैं, लेकिन ये सभी एक ही समाज का हिस्सा हैं। उन्होंने विविधता को स्वीकार करने और उसका सम्मान करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि 'यह मेरा है और वह तुम्हारा है' जैसी सोच से ऊपर उठने की जरूरत है। अलग-अलग रूप और पहचान के बावजूद सभी में एक समान दिव्यता मौजूद है। इसलिए लोगों को एक-दूसरे को अलग या पराया मानने के बजाय भाईचारे और सेवा की भावना के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

मोहन भागवत ने कहा कि भारत ने हमेशा विभिन्न समुदायों को स्वीकार किया है। दुनिया में जब भी किसी पर अत्याचार हुआ और उसने शरण मांगी, भारत ने उसे स्थान दिया। उन्होंने कहा कि मुस्लिम, ईसाई, यहूदी, पारसी सहित कई समुदाय भारत में रहते हैं। लोग केवल शरण लेने के लिए ही नहीं, बल्कि ज्ञान प्राप्त करने के लिए भी भारत आए हैं। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को फूल की तरह होना चाहिए, जो विकसित होकर अपनी खुशबू पूरे वातावरण में फैलाता है। इसी तरह इंसान को अपनी क्षमता का विकास कर मानवता की सेवा के लिए समर्पित होना चाहिए। भागवत ने कहा कि भारत में विविधता हमेशा एकता का हिस्सा रही है। यहां अलग-अलग जाति, भाषा और परंपराएं होने के बावजूद सभी को एक समाज का अंग माना जाता है। उन्होंने कहा कि प्रकृति में विविधता स्वाभाविक है और यही उसकी सुंदरता है। कार्यक्रम का आयोजन कैनेडियन हिंदूज फॉर आउटरीच, रिलेशंस एंड डायलॉग संस्था ने किया था। इसमें कनाडा के आठ प्रांतों से 2,500 से अधिक लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में पूर्व कनाडाई रक्षा मंत्री और अल्बर्टा के पूर्व प्रीमियर जेसन केनी भी मौजूद रहे। मोहन भागवत तीन देशों की 17 दिवसीय यात्रा पर हैं। कनाडा उनके दौरे का दूसरा पड़ाव है। इससे पहले वह अमेरिका पहुंचे थे और यात्रा के अगले चरण में ब्रिटेन जाएंगे।